# हिन्दी

(www.tiwariacademy.com)

(बसंत)(पाठ 13)(सुमित्रानंदन पंत – मैं सबसें छोटी होऊँ)

(कक्षा 6)

*प्रश्न अभ्यास*

**प्रश्न 1:**

कविता में सबसे छोटे होने की कल्पना क्यों की गई है ?

**उत्तर 1:**

अक्सर देखा गया है कि घर के सबसे छोटे सदस्य को घर में सबसे ज्यादा प्यार दुलार मिलता है और मॉ तो सदा ही उसके साथ रहती है इसीलिए बच्ची की भी यही इच्छा है कि वह घर में सबसे छोटी बनी रहे।

**प्रश्न 2:**

कविता में 'ऐसी बड़ी न होउँ मैं' क्यों कहा गया है ? क्या तुम भी हमेशा छोट बने रहना पसंद करोगे ?

**उत्तर 2:**

जैसे –जैसे बच्चे बड़े होते जाते हैं वे अपनी मॉ से दूर होते चले जाते हैं इसीलिए बालिका कहती है कि ऐसी भी बड़ी न हो जाऊॅ कि अपनी मॉ से ही दूर हो जाऊॅ ।

**प्रश्न 3:**

आशय स्पष्ट करो–

हाथ पकड़ फिर सदा हमारे

साथ नहीं फिरती दिन–रात!

**उत्तर 3:**

इसका आशय है कि बच्चे जब बड़े हो जाते हैं तो मॉ से भी दूरी बढ़ने लगती है । इसीलिए बालिका कहती है कि जब हम बड़े हो जाते हैं तो मॉ हमारा हाथ पकड़े हुए सदा हमारे साथ नहीं घूमती है

**प्रश्न 4:**

अपने छुटपन में बच्चे अपनी माँ के बहुत करीब होते हैं। इस कविता में नजदीकी की कौन–कौन सी स्थितियाँ बताई गई हैं?

**उत्तर 4:**

इस कविता में नजदीकी की बहुत सी स्थितियाँ बताई गई हैं जैसे –गोदी में सोना , ऑचल पकड़कर घूमना , मॉ से नहाना , परियों की कहानी सुनना आदि ऐसे पल है जिस समय बच्चा अपनी मॉ के बहुत नजदीक होता है ।

## *कविता से आगे*

**प्रश्न 1:** तुम्हारी माँ तुम लोगों के लिए क्या–क्या काम करती है ?
**उत्तर 1:** हमारी मॉ हम लोगों के लिए बहुत से काम करती है जैसे हमारे लिए खाना बनाना , हमारे कपड़े धोना , स्कूल के लिए तैयार करना , हमारे साथ खेलना आदि।

**प्रश्न 2:** यह क्यों कहा गया है कि बड़ा बनाकर माँ बच्चे को छलती है ?
**उत्तर 2:**यह इसलिए कहा गया है क्योंकि जब बच्चे बड़े हो जाते हैं तब वे अपना काम खुद करने लगते हैं तब ऐसा लगता है कि मॉ ने हमारे साथ छल किया है ।

**प्रश्न 3:** उन क्रियाओं को गिनाओ जो इस कविता में माँ अपनी छोटी बच्ची या बच्चे के लिए करती है।
**उत्तर 3:** माँ अपने छोटे बच्चे को नहलाती है , उसके बाल काढ़ती है , उसको साफ–सुथरे कपड़े पहनाती है ,उसको दूध पिलाती है , उसके साथ खेलती है , उसको नई–नई चीजें बनाकर खिलाती है आदि ।